## सुविचार



दुष्टों का बल हिंसा है, शासकों का बल शक्ति है, स्त्रियों का बल सेवा है और गुणवानों का बल क्षमा है।

- रामधारी सिंह दिनकर


### बरेली के प्रमुख समाचार

- बवाल : निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करे पुलिस-प्रशासन-II
- संसदीय अध्ययन समिति ने अधिकारियों के छुड़ाए पसीने III
- दिवाली उत्सव में उद्यमियों ने मचाया धमाल, हुईं प्रतियोगिताएं-IV


## सिटी ब्रीफ

### लंबित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करें

**बरेली, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अविनाश सिंह ने विभिन्न योजनाओं के लंबित आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की बैठक की। जिसमें डीपीओ ने बताया कि कन्या सुमंगला योजना के तहत जनपद के सभी विकास खंडों में लंबित आवेदनों को समाप्त कर दिया गया है, लेकिन नवीन आवेदनों की संख्या बढ़ रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों को लगातार निस्तारित किया जाए और 31 अक्टूबर तक कोई भी आवेदन लंबित नहीं हो। इसके अलावा, फैमिली आईडी बनाने और मुख्यमंत्री विवाह योजना के तहत विवाह के लिए लक्ष्य आवंटित करने की भी समीक्षा की गई।

### स्टेडियम में फुटबाल के ट्रायल आज से

**बरेली, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम देवीपाटन गोंडा में प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 30 अक्टूबर तक होगा। प्रतियोगिता के लिए बरेली मंडल की टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल शुक्रवार को और मंडल स्तरीय ट्रायल शनिवार को आयोजित किए जाएंगे।

### जीएम के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा के दौरे को लेकर बरेली जंक्शन पर तैयारी चल रही हैं। रंगाई पुताई से लेकर अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। अगले सप्ताह जीएम वार्षिक निरीक्षण के लिए यहां आ सकते है। हालांकि, रेलवे मुख्यालय की तरफ से अभी तक जीएम के दौरे को लेकर कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

### चार ट्रेनें अगले आदेश तक निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि अगले आदेश तक मंडल की चार गाड़ियों को निरस्त कर दिया गया है। जिसमें 12207 काठगोदाम–जम्मूतवी एक्सप्रेस, 12208 जम्मूतवी–काठगोदाम एक्सप्रेस, 12209 कानपुर सेंट्रल–काठगोदाम एक्सप्रेस और 12210 काठगोदाम–कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस अगले आदेश तक निरस्त है।

### बरेली होकर गुजरेगी एक और विशेष गाड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार त्योहार पर होने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 04402–04401 शकूरबस्ती– लखनऊ–शकूबस्ती एक्सप्रेस का संचालन बरेली होते हुए किया जाएगा। 04402 ट्रेन 17, 18, 19 अक्टूबर को 21 : 15 बजे शकूरबस्ती से चलेगी। 4 : 10 पर बरेली आएगी।

## दिवाली मेला



राजकीय संकेत विद्यालय में आयोजित दिवाली मेले में स्टॉल पर खरीदारी करते ग्राहक। संबंधित खबर पेज ( IV ) पर। ● अमृत विचार

# नई पहल : नगर निगम देगा इको फ्रेंडली दिवाली मनाने का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- टीमें स्कूल-कॉलेजों और वार्डों में देंगी दस्तक, करेंगी जागरूक
- एयर क्वालिटी में सुधार को लेकर उठाया कदम

**अमृत विचार :** दिवाली पर बड़े पैमाने पर आतिशबाजी की जाती है। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। इसकी रोकथाम के लिए नगर निगम शुक्रवार से नई पहल शुरू कर रहा है, जिसके तहत राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत टीमें शहर के निजी और शासकीय स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को इको फ्रेंडली आतिशबाजी छोड़ने के साथ सुरक्षात्मक तरीके से त्योहार मनाने के प्रति जागरूक करेंगी।

निगम अधिकारियों के अनुसार टीमें स्कूल और कॉलेजों में जाकर बच्चों को यह बताएंगी वे किस प्रकार कम प्रदूषण वाली, पर्यावरण के अनुकूल आतिशबाजी का चयन करें और सुरक्षित तरीकों से त्योहार मनाएं। टीमें हर वार्ड में जाकर पार्षदों के सहयोग से आम नागरिकों को भी जागरूक करेंगी। इसके लिए वार्डों में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रदर्शनी और जागरूकता रैलियां आयोजित की जाएंगी। बरेली वायु सुधार रैंकिंग में देश के टॉप टेन शहरों की सूची में है। इसको नंबर वन पर लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। निगम की ओर से 20 से अधिक टीमें गठित की गईं हैं। अफसरों के अनुसार टीमें स्कूलों के साथ वार्डों में भी जाएंगी।

> इको फ्रेंडली दिवाली मनाने के लिए टीमें स्कूली बच्चों के साथ आमजन को भी जागरूक करेंगी। इस संबंध में टीमों को निर्देशित किया जा चुका है।
>
> –संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

# दीपावली के मद्देनजर कल से लागू होगा रूट डायवर्जन

## एसपी ट्रैफिक ने जारी किया रूट डायवर्जन प्लान, भारी वाहन दोपहर में दो बजे से लेकर रात में एक बजे तक शहर में नहीं घुस सकेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीक टाइम में बाजार में तीन दिन कार, टैंपो, ई-रिक्शा और रिक्शा का भी प्रवेश वर्जित

**अमृत विचार :** आगामी त्योहार धनतेरस और दीपावली के मद्देनजर एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने 18 अक्टूबर से तीन दिन के लिए रूट डायवर्जन किया है। जो दोपहर दो बजे से लेकर रात एक बजे तक तीन दिनों तक प्रभावी रहेगा। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि 18 अक्टूबर को धनतेरस है। जबकि, 20 अक्टूबर को दीपावली है। ऐसे में भारी संख्या में लोग बाजारों में खरीदारी के लिए जाएंगे। भीड़-भाड़ को देखते हुए 18 से 20 अक्टूबर तक रोजाना दोहपर दो से रात के एक बजे तक भारी वाहनों को शहर में नहीं घुसने दिया जाएगा, जबकि तीन पहिया वाहन, चार पहिया वाहनों समेत ई-रिक्शा और ऑटो को बाजार में जाने से प्रतिबंधित किया गया है।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि मुरादाबाद, रामपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन परसाखेड़ा से बड़ा बाईपास होकर नैनीताल, पीलीभीत, लखनऊ की तरफ जाएंगे। लखनऊ की ओर से आने वाले भारी वाहन इन्वर्टिस तिराहे से बड़ा बाईपास होकर पीलीभीत, नैनीताल एवं रामपुर की तरफ जाएंगे। रामपुर, नैनीताल, पीलीभीत एवं बरेली की तरफ से बदायूं की तरफ जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाईपास, इन्वर्टिस तिराहे से फरीदपुर, बुखारा मोड़, रामगंगा होकर जाएंगे तथा इसी रास्ते से वापस आएंगे। लखनऊ से बदायूं की तरफ जाने वाले भारी वाहन फरीदपुर से बुखारा मोड़, रामगंगा होकर जाएंगे एवं बदायूं से लखनऊ की तरफ जाने वाले भारी वाहन रामगंगा तिराहे से बुखारा मोड़, फरीदपुर से होकर जाएंगे। मिनी बाईपास, इज्जत नगर तिराहा, डेलापीर से किसी भी प्रकार के भारी वाहन महानगर में प्रवेश नहीं करेंगे। बदायूं जाने वाले भारी वाहन मिनी बाईपास, इज्जतनगर तिराहा, डेलापीर, 100 फुटा पूर्वी, सैटेलाइट, ईसाईयों की पुलिया से वियावान कोठी से कैण्ट होते हुए बदायूं को जा सकेंगे।

वहीं, तीन पहिया और ई-रिक्शा-ऑटो समेत चार पहिया वाहन श्यामतगंज से शाहदाना चौराहा, साहू गोपीनाथ तिराहा की तरफ, बरेली कॉलेज पश्चिमी गेट से सिकलापुर, रोडवेज बस स्टैण्ड, नावल्टी की तरफ, सिकलापुर चौराहा से पुराना रोडवेज बस स्टैण्ड व साहू गोपीनाथ चौराहा की तरफ से बड़ा बाजार की तरफ प्रतिबन्धित रहेंगे। खलील तिराहा से कुतुबखाना चौराहा की तरफ से बड़ा बाजार की तरफ, किला क्रासिंग से साहू गोपीनाथ एवं साहू गोपीनाथ से किला क्रासिंग की तरफ से बड़ा बाजार की तरफ, सूद धर्मकांटा से कुहाड़ापीर की तरफ, कुहाड़ापीर से कुतुबखाना, अशोक नगर तिराहा से सूद धर्मकांटा व कुहाड़ापीर, मूर्ति नर्सिंग होम से मठ की चौकी व साहू गोपीनाथ की तरफ, पटेल चौक से नावल्टी, कुतुबखाना-बड़ा बाजार की तरफ, शाहदाना चौराहा से साहू गोपीनाथ की तरफ और चौपला चौराहा से खलील तिराहा कुतुबखाना की तरफ नहीं इन वाहनों को नहीं जाने दिया जाएगा। भीड़ को देखते हुए जीआईसी कालेज ग्राउंड और विशप इंटर कालेज ग्राउंड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



दिवाली नजदीक आते ही ट्रैफिक बढ़ गया है। बुधवार को सेटेलाइट पुल पर लोगों को जाम से जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

## ब्लॉक के चलते पांच ट्रेनें होंगी प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के सुल्तानपुर- जफराबाद रेलखंड में 8 नवंबर को विकास कार्य एवं ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के चलते मुरादाबाद मंडल में संचालित पांच ट्रेनें प्रभावित होंगी। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 12237 वाराणसी-जम्मूतवी एक्सप्रेस को 8 नवंबर को मार्ग में 170 मिनट, 14007 रक्सौल -आनंदविहार टर्मिनल सद्भावना एक्सप्रेस को 7 नवंबर को 220 मिनट नियंत्रित कर संचालित किया जाएगा। 12238 जम्मूतवी-वाराणसी एक्सप्रेस 7 नवंबर को परिवर्तित मार्ग –सुल्तानपुर-मां बेहला देवी धाम प्रतापगढ़ –वाराणसी मार्ग से संचालित किया जाएगा। 12370 देहरादून-हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस और 03311 धनबाद-चंडीगढ़ स्पेशल 7 नवंबर को इसी परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी।

## आयकर की जांच 72 घंटे चली फैक्ट्री में शुरू हुआ कामकाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नरियावल में रहबर फूड इंडस्ट्रीज में आयकर की टीमें गुरुवार की सुबह रवाना हो गईं। करीब 72 घंटे तक चली जांच में टीमों ने अहम दस्तावेज जुटाए और कर्मचारियों से भी पूछताछ की। टीमों के रवाना होने के बाद फैक्ट्री में भी कर्मचारियों का आवागमन आरंभ हो गया है। इसके साथ ही फैक्ट्री से माल सप्लाई समेत अन्य कामकाज शुरू हुआ। आयकर जांच में करोड़ों रुपये के टैक्स संबंधी अनियमितता सामने आने की संभावना है, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं है।

सूत्रों के अनुसार बीते सोमवार को रहबर फूड इंडस्ट्रीज पर पहुंची आयकर विभाग की तीन टीमों ने इंडस्ट्री के बटलर प्लाजा स्थित कार्यालय के साथ ही फैक्ट्री में तैनात कर्मचारियों से भी लगातार जानकारी जुटाई। इस दौरान फैक्ट्री के सभी द्वारों को अंदर से बंद कर दिया गया था। आयकर टीमों के गुरुवार को रवाना होने के बाद फैक्ट्री के कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली और फैक्ट्री के अंदर कामकाज सामान्य ढंग से शुरू हुआ। सूत्रों के अनुसार आयकर की टीमों ने फैक्ट्री में लगे कंम्प्यूटर की हार्ड डिस्क, खरीद संबंधी दस्तावेज समेत अन्य जानकारी जुटाकर चली गईं।



एडीजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक समेत अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को आगामी त्योहारों के मद्देनजर नगर क्षेत्र के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। इस दौरान कानून–व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही आमजन से वार्ता कर सभी को सुरक्षा का एहसास कराया। गश्त के दौरान मार्गों, धार्मिक स्थलों, बाजारों एवं सार्वजनिकस्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। ● अमृत विचार

## फाल्ट से राजेंद्रनगर और कोहाड़ापीर में बिजली गुल

- कुतुबखाना और शाहदाना में भी रहा बिजली संकट

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के राजेंद्र नगर, कोहाड़ापीर, कुतुबखाना और शाहदाना में फाल्ट के चलते बिजली गुल रही। लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा।

राजेंद्र नगर सबस्टेशन के जनकपुरी में गुरुवार दोपहर 12 बजे तार टूटकर गली में गिर गया। इससे दो बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। कोहाड़ापीर के शाहबाद मोहल्ले, दीवानखाना, राम भटूरा, कानून गोयन समेत अन्य जगह पर लोकल फाल्ट के चलते बिजली संकट रहा। डीडीपुरम क्षेत्र में वोल्टेज कम और ज्यादा होने से उपभोक्ता परेशान होते रहे। शाहदाना सबस्टेशन के नरकुलागंज, प्रेमनगर में भी पोल से बिजली की सप्लाई नहीं आने की समस्या रही। कुतुबखाना सबस्टेशन के आजमनगर, सरायखाम समेत बाग बृगटान और अन्य जगह पर भी आपूर्ति बाधित रही। डेलापीर के आशापुरम व रामायण विहार में भी बिजली समस्या रही। इसके अलावा गोल्डन ग्रीन पार्क में एबी केबल डालने का काम किया गया। सुबह 9:30 से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। हरुनगला में भी काम कराने के चलते दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक का शटडाउन रहने से लोगों को दिक्कत हुई।

## पैकिंग स्थान में मिली खामी 1309 किग्रा रस्क सीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दिवाली के चलते एफएसडीए ने चलाया छापामारी अभियान
- विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के 13 सैंपल लिए

**अमृत विचार :** दिवाली के चलते खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीमों ने गुरुवार को अलग-अलग स्थानों से खाद्य पदार्थों के 13 नमूने लिए। वहीं शिकायत पर सीबीगंज में रस्क फैक्ट्री पर छापा मारा। जहां अनियमितता मिलने पर एक लाख 87 हजार रुपये कीमत के रस्क सीज कर दिए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के अनुसार शिकायत पर गुरुवार शाम करीब पांच बजे टीम ने सीबीगंज के खडौआ स्थित एम इंटरप्राइजेज पर छापा मारा। यहां एसएस फूड्स प्रोडक्ट रिठौरा का पता रस्क के पैकेट पर अंकित था, लेकिन रस्क यहां तैयार होते मिले। इस पर मौके पर मौजूद कारोबारी गुलाम नवी खां पुत्र साहब जाद खां से पंजीयन संबंधी दस्तावेज मांगे, लेकिन वह नहीं दिखा सके।

टीम ने 1309 किग्रा रस्क के पैकेट सीज कर दिए। साथ ही रस्क के 2, मैदा का एक और वनस्पति घी का नमूना लिया। उन्होंने बताया कि गुरुवार को जिले में विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 13 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए, जो जांच के लिए लैब भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट आने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



रस्क की जांच करते मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल।

## दिवाली और छठ को लेकर दिल्ली क्षेत्र में पार्सल सेवा पर रोक

**बरेली, अमृत विचार :** दिवाली और छठ को देखते हुए दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया गया है। रेलवे की तरफ से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि दिवाली और छठ पर यात्रियों की अधिक भीड़ को देखते हुए दिल्ली क्षेत्र (यानि नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन और आनन्द विहार टर्मिनल) में सभी तरह के पार्सल ले-नदेन (लीज्ड एसएलआर, वीपी सहित) पर 17 से लेकर 26 अक्टूबर तक अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। रेलवे के माध्यम से सीधी बुकिंग पर भी अस्थायी प्रतिबंध रहेगा।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेज/पैकिंग से मुक्त रहेंगे और सभी स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी सहित आवक और जावक पार्सल ट्रैफिक दोनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। केवल यात्री डिब्बों में व्यक्तिगत सामान की अनुमति दी जाएगी। सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग की अनुमति दी जाएगी।

## कारोबार

### धनतेरस के लिए तैयार बाजार, इस बार शुभ के साथ लाभप्रद भी होगा बर्तन खरीदना

# जीएसटी कम होने से बर्तन बाजार में चमक, बरसेगा धन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेहत के लिहाज से तांबा, पीतल, कांसा के बर्तन होंगे लोगों की पसंद
- बर्तनों की लंबी रेंज बाजार में मौजूद ग्राहकों के पहुंचने का इंतजार

**अमृत विचार:** धनतेरस के लिए बर्तन की खरीदारी को शुभ माना जाता है। जीएसटी कम होने से ग्राहकों के लिए शुभ के साथ लाभ भी होने वाला है। धनतेरस पर बर्तन बाजार ग्राहकों की भीड़ की उम्मीद में तैयारी में जुटा है। बर्तन कारोबारियों ने इस पर धनतेरस के लिए बर्तनों की नई रेंज भी मंगाई है।

बर्तनों पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी थी, लेकिन 22 सितंबर से बर्तनों पर जीएसटी 5 प्रतिशत कर दी गई, जिससे बर्तनों की खरीदारी पर लोगों को राहत मिली है। धनतेरस पर बर्तन कारोबारियों के साथ ही ग्राहकों को जीएसटी कम होने का सुखद अहसास होगा। बर्तन कारोबारियों को उम्मीद है कि इस पर धनतेरस पर अच्छी धनवर्षा होगी। बाजार में ग्राहक सिर्फ परंपरा निर्वहन के लिए ही नहीं आएंगे, बल्कि जरूरत के बड़े आइटम भी खरीदेंगे। सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ने से ग्राहक एल्युमिनियम से होने वाले नुकसान से बचने के लिए तांबा, पीतल, स्टील और कांसा के पारंपरिक बर्तनों को ज्यादा पसंद करने लगे हैं। बाजार में मुरादाबाद के पीतल के डिजाइनर बर्तन मौजूद हैं।

दुकानदारों ने बताया कि धनतेरस के लिए दुकानों पर सारा माल नई-नई डिजाइनों का मौजूद है। ट्राईप्लाई वाले कुकर की ज्यादा डिमांड होने की उम्मीद है। ये कुकर तीन लेयर में बने होते हैं। इसमें अंदर बाहर स्टील और बीच में एल्युमीनियम की लेयर होती है। ट्राईप्लाई के कुकर में खाना जलता नहीं है और खाना अच्छी तरह से पक जाता है। स्टील के बर्तन 2 सौ रुपये से लेकर 850 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मिल रहे हैं। बर्तन कारोबारियों ने बताया कि छोटे बर्तन पीस के हिसाब से मिलते हैं जबकि बड़े बर्तन वजन के हिसाब से बिकते हैं। तांबा के बर्तन 8 सौ से एक हजार रुपये प्रति किलो की कीमत में बाजार में उपलब्ध हैं। वहीं पीतल के बर्तनों की रेंज 7 से 9 सौ रुपये प्रति किलोग्राम की दर से मौजूद हैं। कांसा के बर्तन 11 सौ से 12 सौ किलो के हिसाब से मिल रहे हैं। दुकानों पर दिवाली पर गिफ्ट देने के लिए बर्तनों के गिफ्ट पैक भी तैयार हैं।



शहर में एक बर्तन दुकान पर खरीदारी करते ग्राहक। ● अमृत विचार

### ग्राहकों में दिखा उत्साह



धनतेरस को लेकर बाजारों में उत्साह है, बर्तनों पर जीएसटी कम होने से ग्राहकों में खरीदारी को लेकर काफी उत्साह दिख रहा है। त्योहार पर वह अपनी पसंद के बर्तनों की खरीदारी के बाजार अवश्य पहुंचेंगे।

–सैयद सप्पात अली



ग्राहकों ने एल्युमिनियम को पूरी तरह से नजरअंदाज करना शुरू कर दिया है। सेहत के लिहाज से ज्यादातर तांबा स्टील के बर्तन पसंद किए जा रहे हैं। बाजार में अच्छी संख्या पहुंच रही है।

–तलहा खान



जीएसटी कट के चलते ग्राहकों में उत्साह को देखते हुए धनतेरस पर इस बार अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। पिछले दिनों तनाव की स्थिति बनने से लगा था कि बाजार मंदा रहेगा, लेकिन स्थिति सामान्य है।

–फिरासत उल्ला खां



ग्राहक अपनी सेहत को लेकर पूरी सावधानी रख रहे हैं, इसलिए वह पुराने समय में चलने वाले कांसा, पीतल, तांबा के बर्तनों को ज्यादा पसंद करने लगे हैं। बाजार में इनकी अच्छी रेंज मौजूद है।

–तुषार अग्रवाल

# बवाल: निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करे पुलिस-प्रशासन

## हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज़ वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- **अगली सुनवाई से पहले मामले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करे पुलिस-प्रशासन**
- **गिरफ्तारियों, सबूतों के संकलन और गवाहों की सुरक्षा के बारे में दे जानकारी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में गुरुवार को बरेली हिंसा से संबंधित मामले की सुनवाई हुई, लेकिन इस दिन कोई नया आदेश पारित नहीं किया गया। मामले में हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज़ वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव मो. यूसुफ अंसारी की ओर से अधिवक्ता सहर नक़वी और मो. आरिफ के माध्यम से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस और प्रशासन को इस अवधि में प्रगति रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया, जिसमें गिरफ्तारियों की स्थिति, सबूतों का संकलन और गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के कदमों की विस्तार से जानकारी अपेक्षित है।

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि अगली सुनवाई तक जांच की प्रगति पर अंतरिम रिपोर्ट दाखिल करना अनिवार्य होगा, जिससे जांच की दिशा का उचित मूल्यांकन किया जा सके। पुलिस और जिला प्रशासन को आदेश दिया गया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखें और किसी प्रकार के राजनीतिक अथवा धार्मिक उकसावे से बचे रहें। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से यह भी कहा कि सभी आरोपियों और गवाहों के बयान वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से सुरक्षित किए जाएं, जिससे प्रमाणिकता बनी रहे।



जुमे की नमाज के बाद भड़की हिंसा का फाइल फोटो।

मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर 2025 को सुनिश्चित की गई है।

बता दें कि गत 26 सितंबर को बरेली में भड़की हिंसा के बाद नगर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज कर दिए जाने के बाद निवासियों ने ''कानून प्रवर्तन के नाम पर स्थानीय संपत्तियों को चुनिंदा तरीके से निशाना बनाने'' का आरोप लगाया है। बरेली नगर निगम ने हाल के हफ़्तों में सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण या अवैध निर्माण का हवाला देते हुए 70 से ज़्यादा संपत्तियां सील कर दी हैं। 30 सितंबर को नगर निगम ने व्यस्त नॉवेल्टी चौक इलाके के पास 68 दुकानों को यह दावा करते हुए सील कर दिया कि ये दुकानें सरकारी ज़मीन पर बनी हैं। इसके जवाब में सील की गई दुकानों पर मालिकाना हक जताने वाले 22 लोगों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्रभावित दुकानदारों में से एक, आरिफ हुसैन ने कहा कि ज़मीन वक्फ बोर्ड की है। इसके बावजूद नगर निगम ने शायद राजनीतिक दबाव में हमारी दुकानें सील कर दीं। मौजूदा याचिका में यह भी अनुरोध किया गया है कि प्रभावितों को मुआवजा दिया जाए और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मामले की अगली सुनवाई फिलहाल तय नहीं की गई है, लेकिन मामले में कोर्ट की सक्रियता और संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब की संभावना बनी हुई है।

मालूम हो कि सारा विवाद गत 6 सितंबर को कानपुर में निकाले गए 'जुलूस-ए-मोहम्मदी' से जुड़ा है। इसमें 'आई लव मुहम्मद' लिखे पोस्टर लेकर लोग शामिल हुए थे। इसके बाद 26 सितंबर को बरेली में आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा द्वारा प्रदर्शन का ऐलान किया गया। जुमे की नमाज के बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने स्थिति संभालने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े। बाद में विभिन्न थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए गए। इनमें मौलाना तौकीर रजा को भी आरोपी बनाया गया। इसके बाद पुलिस ने 105 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया और दो स्थानों पर बुलडोजर कार्रवाई की, जिसमें आईएमसी प्रवक्ता नफीस का मैरिज हॉल भी ध्वस्त किया गया। घटना के बाद प्रशासन ने बरेली में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी थीं।

# जाम छलकाने के बाद तीनों ने चाकू से गोद कर की थी अभिषेक की हत्या

**मेला हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

- **पिता ने तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई हत्या की रिपोर्ट**
- **पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ**

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के मेले में गए सेवानिवृत्त फौजी के बेटे की छेड़छाड़ की पुरानी रंजिश में चाकू गोद कर हत्या करने वाले तीनों हत्यारोपियों ने हत्या करने से पहले एक साथ बैठ कर जाम छलकाए थे। उसके बाद योजना अनुसार उसकी चाकू गोदकर हत्या कर फरार हो गए थे। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

थाना क्षेत्र के ग्राम रजउपुर निवासी सेवानिवृत्त फौजी राम किशन ने बताया कि बीते साल युवती से छेड़छाड़ के आरोप में उसका बेटा अभिषेक (23) जेल गया था। उसी समय से युवती के पिता उनके परिवार से रंजिश रखते हैं। युवक के पिता ने गुरुवार को पुलिस को बताया कि उनका बेटा अभिषेक बुधवार शाम मेला देखने गया था। आरोप है कि पुराने मुकदमे के चलते रंजिश मानते हुए गांव के ही सतीश ने गांव के बुधपाल और सुंदरलाल के साथ मिलकर अभिषेक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर उनका छोटा बेटा और ग्रामीण अभिषेक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, पुलिस कॉल डिटेल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी जांच कर रही है।

> अभिषेक के पिता की तहरीर पर गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साथ ही तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा। **-मुकेश मिश्रा**, एसपी उत्तरी

पुलिस की प्राथमिक जांच में आगरा कनेक्शन भी सामने आया है, जिसे लेकर पुलिस की एक टीम आगरा के लिए रवाना हुई है। इंस्पेक्टर सीपी शुक्ला ने बताया कि तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही अन्य पहलुओं पर भी गंभीरता से जांच की जा रही है। उधर, पुलिस की जांच में सामने आया है कि अभिषेक अपने दोस्त विकास के साथ टीपी नगर स्थित शराब भट्टी पर शराब पीने गया था। वहां दोनों का अन्य लड़कों से विवाद हो गया था। इसके बाद उन्हीं लड़कों ने दोनों को मेले में आकर चाकू से हमला कर उसकी हत्या की है। विकास किसी तरह भाग गया, जबकि अभिषेक की चाकू लगने से मौत हो गई। पुलिस विकास से भी पूछताछ कर रही है।

# वायरल किए साले की पत्नी के अश्लील फोटो

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में महिला की फर्जी आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल किया गया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत पर थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने से नाराज पीड़िता ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि उसके ननदोई विक्की उर्फ नंद किशोर ने उसकी फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम पर अश्लील व गंदे फोटो वायरल किए। इससे उसकी सामाजिक छवि खराब हुई। जब उसने और उसके परिजनों ने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर बने अकाउंट की जांच कराई जा रही है और तकनीकी टीम की मदद से सबूत जुटाए जा रहे हैं।

# पासपोर्ट अदालत : सौ से अधिक मामलों का निस्तारण



पासपोर्ट अदालत में पहुंचे आवेदक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सात अधिकारियों की विशेष टीम का गठन किया गया**

**अमृत विचार :** विदेश मंत्रालय के निर्देश पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में गुरुवार को पासपोर्ट अदालत का आयोजन हुआ, जिसमें सात अफसरों ने सौ से अधिक मामलों का निस्तारण किया। यह मामले छह माह या उससे अधिक समय से लंबित थे।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पासपोर्ट अदालत में उन्हीं आवेदकों को बुलाया गया था कि जिनकी फाइलें पिछले छह माह से किसी न किसी कारण के चलते लंबित थीं। आवेदकों की सुविधा के लिए सात अधिकारियों की विशेष टीम का गठन किया गया था। सहायक पासपोर्ट अधिकारी संदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे। अधिकांश मामलों में आवेदकों की समस्या का समाधान तुरंत ही कर दिया गया।

## सिटी न्यूज

### बकाया लेने गए रेता बजरी कारोबारी को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में बकाया रुपये लेने गए रेता-बजरी कारोबारी के साथ मारपीट की गई। कारोबारी के मैनेजर को बंधक बना लिया गया। कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गार्डन सिटी निवासी अरशद उल्ला खां रेता-बजरी का कारोबार करते हैं। उन्होंने उमरसिया निवासी वसीम और उसके भाई तसलीम को 2.40 लाख रुपये का माल दिया था। इसमें से 2.15 लाख रुपये दोनों भाइयों पर बकाया था। अरशद बुधवार को अपने साथी राहिल को लेकर रुपये लेने गए थे। वहां तसलीम ने तमंचा निकालकर राहिल के माथे पर सटा दिया। विरोध करने पर नल के हत्थे से हमला कर दिया। राहिल और अरशद के पैरों पर नल के हत्थे मारे। मैनेजर अजहर को बंधक बना लिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### बीमा कंपनी उपभोक्ता को अदा करे क्लेम रकम

विधि संवाददाता, बरेली। दुर्घटनाग्रस्त कार का क्लेम बीमा कम्पनी उपभोक्ता को अदा करेगी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम अध्यक्ष राधेश्याम यादव व सदस्य प्रशान्त मिश्रा की पीठ ने सिविल लाइन्स स्थित दि न्यू इण्डिया एश्योरेंस कम्पनी के मण्डल प्रबन्धक को उपभोक्ता को 2 माह के भीतर 2 लाख 74 हजार रुपये वादिनी के पक्ष में भुगतान किये जाने का आदेश दिया है। वादिनी के वकील संजय कुमार वर्मा ने बताया कि ग्राम बढ़ेपुरा नवाबगंज निवासी नीलम गंगवार की कार का बीमा 29 अगस्त 2021 तक वैध था। कार 10 फरवरी 2021 को मथुरा थाना कोसीकला में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बीमा कम्पनी के टोल फ्री नम्बर पर त्वरित सूचना दी थी।

# दबंगों ने दुकान में घुसकर व्यापारी नेता के बेटों को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **संजय नगर का मामला, देर रात दबंगों ने बोला था हमला**
- **मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल**

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर स्थित तीन मूर्ति रोड पर बुधवार देर रात आधा दर्जन दबंगों ने राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल की संजय नगर इकाई के कोषाध्यक्ष गंगा राम गुरुनानी के बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। विरोध करने पर हमलावरों ने दोनों बेटों की जमकर पिटाई की। इतना ही नहीं दुकान को जला कर राख करने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

थाना क्षेत्र के आवास विकास सुरेश शर्मा नगर निवासी गंगा राम ने बताया कि उनकी संजय नगर में दुकान है। वह रोजाना की तरह बुधवार की देर रात अपने दोनों बेटों हर्ष और देव के साथ बैठे थे। आरोप है कि गली में रहने वाले शैलेन्द्र प्रताप सिंह और उसका बेटा लकी रास्ता बंद कर खड़े हो गए। जब गंगा राम ने पुलिस बुलाने की बात कही तो दोनों वहां से हट गए, लेकिन थोड़ी देर बाद अपने साथियों भारत राठौर, मुकेश राठौर, विनय पटेल और 7-8 अज्ञात लोगों के साथ आ धमके। हमलावरों ने आते ही पिता-पुत्रों पर लाठी, रॉड और तमंचे की बट से हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने गंगा राम और उनके बेटों के पास रखी नकदी व सोने की चेनें लूट ली। गंगा राम के मुताबिक, ये सभी पहले भी 24 अगस्त को ऐसी हरकत कर चुके हैं। उस वक्त पुलिस ने उनकी गाड़ियां चालान कर चेतावनी दी थी, लेकिन उसके बाद से वह लगातार धमकियां दे रहे थे। दबंगों ने जाते समय धमकी दी कि अगर पुलिस को बताए तो बेटों को जान से मार देंगे और दुकान जला देंगे। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में भारी आक्रोश हैं। राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और स्थानीय व्यापारियों ने बारादरी थाने पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें कई दबंग मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम ने जाकर जांच की तो लूट-पाट की घटना होना नहीं पाया गया। आरोपियों ने मारपीट की थी। सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।



मारपीट करते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए आरोपी।

**तल्ख टिप्पणी** — झूठे आरोप लगा पति पर केस करना पड़ा महंगा, फैमिली कोर्ट ने 10 हजार जुर्माना लगा केस किया खारिज

# न्यायिक कार्यवाही से माता-पिता को अलग करना अन्यायपूर्ण

विधि संवाददाता, बरेली



- **महिला व मायके वाले पति पर बना रहे थे माता-पिता को छोड़ने का दबाव**
- **मुरादाबाद के युवक की बरेली की युवती के साथ 7 साल पहले ही हुई थी शादी**

**अमृत विचार:** शादी के बाद पति को अपने माता-पिता को छोड़ मायके में साथ रखने की जिद पूरी न होने पर पति पर झूठे आरोप लगाकर भरण पोषण की रकम के लिए फैमिली कोर्ट में मुकदमा दायर करने वाली पत्नी का केस अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने खारिज कर पत्नी पर 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है, जो पति को बतौर मुआवजा मिलेगा। कोर्ट ने इस बारे में तल्ख टिप्पणी की है। कहा कि न्यायिक कार्यवाही के जरिये किसी बेटे को उसके माता-पिता से अलग करने के लिए बाध्य करना अन्यायपूर्ण होगा।

नई बस्ती माधोबाड़ी निवासी बन्टी ने मुरादाबाद थाना कटघर निवासी पति ब्रजेश के विरुद्ध वर्ष 2020 में फैमिली कोर्ट में केस दायर कर उल्लेखित किया था कि 15 दिसंबर 2018 को ब्रजेश के साथ माता-पिता ने शादी की थी और 11 लाख रुपये खर्च किए थे। ससुरालीजन 15 लाख रुपये नगद की मांग करते हुए प्रताड़ित करते थे। 29 अक्टूबर 2019 को घर से धक्के मारकर निकाल दिया। वहीं पति ने कोर्ट में जवाब दिया कि विवाह दहेजरहित था। बंटी को अपनी शिक्षा पर अहंकार है। आये दिन नये वस्त्र और आभूषण की मांग करती थी। बाहर होटल में खाना खाने की जिद करती थी। रोजाना क्लेश करती थी, झूठे केस में फंसा देने की धमकियां देती थी। जब उसके इस व्यवहार की शिकायत पिता से की तो उल्टा उन्होंने भी धमकाया। बंटी के माता-पिता ने कहा कि तुम लोग बरेली आकर रहो। विचारण के दौरान जिरह में वादिनी के पिता ने स्वीकार किया कि ब्रजेश अपने मां-बाप को छोड़कर अलग रहेगा तो बंटी जाने के बारे में सोच सकती है, स्वेच्छा से अपने पिता के साथ मायके में रह रही है। उसे पति से भरण पोषण चाहिए, लेकिन पति के साथ नहीं रहेगी।

अदालत ने आदेश में तल्ख टिप्पणी करते हुए उल्लेखित किया कि न्यायिक कार्यवाही के माध्यम से किसी पुत्र को उसके माता-पिता से अलग करने के लिए बाध्य किया जाना घोर अन्यायपूर्ण होगा। वादिनी और उसके पिता के कथन से उनकी दूषित सोच, संस्कार व परिवेश ही दिखाई देता है, जिसमें वैवाहिक संस्कार का कोई मूल्य नहीं है।

वादिनी उच्च शिक्षा प्राप्त है, लेकिन उसके कथन से बड़े बुजुर्गों के प्रति उपेक्षाभाव के साथ संयुक्त परिवार के प्रति घोर नकारात्मक भाव विद्यमान है तथा उसकी शिक्षा संस्कार से विहीन ही दिखाई देती है। वादिनी के तीन सगे भाई हैं, कोई आश्चर्य नहीं है भविष्य में भाइयों के विवाह की स्थिति में उनकी पत्नियां भी ऐसी ही सोच की रहें। माता-पिता से अलग रहने का दबाव बनाने के लिए मिथ्या आधारों पर इसी तरह केस दायर करें। यह स्थिति सामाजिक परिवेश में अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है।

# नौकर को लेकर भिड़ीं आतिशबाजी कारोबारी

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में नौकर को लेकर दो महिला आतिशबाजी कारोबारी आपस में भिड़ गईं। एक ने दुकान में घुसकर नौकर को पीटने और दुकान में आग लगाने की धमकी दी। बारादरी थाने में महिला कारोबारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रीति पटेल की पटाखों की दुकान डोहरा लालपुर रोड पर है। प्रीति के मुताबिक 8 अक्टूबर को शालिनी सिंह कार में सवार होकर गुल्लू और गौरव के साथ उनकी दुकान पर आईं। ये लोग उनकी दुकान पर काम करने वाले प्रशांत को पकड़कर ले जाने लगे। प्रीति के पति और ससुर ने विरोध किया तो दुकान में आग लगाने की धमकी दी। आरोप है कि शालिनी दुकान में घुसकर प्रशांत को डंडे से पीटने लगीं। शालिनी ने प्रशांत पर 27 हजार रुपये लेकर भागने का आरोप लगाया था। प्रीति के मुताबिक शालिनी की पटाखों की दुकान रामनगर गौटिया के पास है।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज
मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।
मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।
मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।
क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic
YouTube पर Search करें
डा. भारत प्रसिद्ध शेख
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

गुप्त रोगी मिलें

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

## सिटी ब्रीफ

### उर्वरकों के संतुलित उपयोग से बढ़ाएं फसल की उत्पादकता

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में रबी सीजन की फसलों के लिए यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी और सिंगल सुपर फॉस्फेट जैसे उर्वरक सहकारी समितियों और निजी केंद्रों पर उपलब्ध हैं। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने किसानों से अपील की है कि वे उर्वरकों का संतुलित मात्रा में प्रयोग करें और अनावश्यक भंडारण से बचें। बताया कि उर्वरक संबंधी समस्या के निदान के लिए किसान कंट्रोल रूम के नंबर 8126423416 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य आह्वान पर जिला काउंसिल ने गुरुवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में रायबरेली के हरिओम वाल्मीकि की हत्या, चीफ जस्टिस पर जूता फेंकने, हरियाणा में आईपीएस पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले को उठाया गया है। ज्ञापन देने वालों में राजेश तिवारी, एडवोकेट सतीश कुमार सिंह, वीरपाल सिंह यादव, उमेश चन्द्र, साजिद अब्बासी, हरीबाबू, मोइद्दीन आदि शामिल रहे।

### व्यक्तित्व विकास के लिए सॉफ्ट स्किल्स आवश्यक

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई के संयुक्त निदेशालय (प्रसार शिक्षा) की ओर से आयोजित ''सॉफ्ट स्किल्स फॉर पर्सनालिटी डेवलपमेंट'' विषय पर आयोजित मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम (ज्ञानशाला) का गुरुवार को समापन हुआ। इस मौके पर 25 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्य अतिथि डॉ. रूपसी तिवारी ने कहा कि कौशल जैसे विषय समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। डॉ. महेश चंद्र ने सामाजिक नेटवर्किंग, ब्लॉग लेखन तथा संप्रेषण कौशल के विकास पर अनुभव साझा किए। डॉ. एचआर मीणा, डॉ आरएस. सुमन, डॉ. मदन सिंह ने भी विचार रखे। समन्वयक डॉ. श्रुति, ने रचनात्मकता को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर छात्रों के साथ संवाद किया। वीर सिंह और सूरज सिंह का सहयोग रहा।

# संसदीय अध्ययन समिति ने अधिकारियों के छुड़ाए पसीने

## विकास भवन सभागार में हुई समीक्षा बैठक, सभापति ने उच्च शिक्षाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा, सीएमओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी लखनऊ तलब किए गए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के पसीने छूट गए। सभापति किरणपाल कश्यप ने वर्ष 2022 से 2025 तक बरेली व बदायूं के माननीयों के पत्रों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा के दौरान सांसदों और विधायकों के पत्रों को तरजीह न देने पर नाराजगी जताई। कहा कि अधिकांश अफसर जनप्रतिनिधियों के पत्रों का जवाब ही नहीं देते हैं। इस पर अफसर बोले- हम फोन पर बातचीत में अवगत करा देते हैं।

सभापति ने कहा कि फोन पर बताने भर से काम नहीं चलेगा। लिखित जवाब देना अनिवार्य है। वहीं, अधूरी जानकारी के साथ बैठक में पहुंचे उच्च शिक्षाधिकारी का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीएमओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी की ओर से संतोषजनक जवाब न मिलने पर दस्तावेज लेकर लखनऊ तलब किया। विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में गुरुवार को दोपहर 12 बजे से शुरू हुई। इस दौरान दोनों जिलों की बुकलेट का प्रस्तुतिकरण ठीक न मिलने पर सभापति ने असंतोष जाहिर किया। बरेली के सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह और जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा से सभापति ने पूछा कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर अभी तक लिखित जवाब क्यों नहीं दिए। दोनों अफसर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर सभापति ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के संदर्भों की अनदेखी न करें और दस्तावेज के साथ लखनऊ आकर जवाब दें। उच्च शिक्षाधिकारी प्रो. सुधीर कुमार अधूरे दस्तावेजों के साथ पहुंचे थे। इस पर सभापति ने कड़ी नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह में स्पष्टीकरण देने को कहा।

बैठक में बरेली के राजस्व, ग्राम विकास, नगर विकास, लोक निर्माण



विकास भवन में आयोजित बैठक में मौजूद अध्ययन समिति के सभापति किरणपाल कश्यप और अफसर। ● अमृत विचार

आदि विभागों की समीक्षा बैठक में बताया कि कुल 49 प्रकरण प्राप्त हुए थे। सभी पर की गई कार्रवाई से जनप्रतिनिधियों को अवगत करा दिया गया है। बैठक में एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने वक्फ की जमीन पर अवैध निर्माण व उस पर किराया वसूलने आदि के संबंध में प्रभावी कार्रवाई कराने के साथ ही ग्राम सिरसा बिछुरिया में राशन दुकान संबंधी समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन भगत सिंह ने बताया कि माननीयों के 27 प्रकरण प्राप्त हुए थे। इनमें से कई कार्य हो गए हैं और कुछ को कार्य योजना में सम्मिलित कर लिया गया है। जल जीवन मिशन योजना की सड़कों से जुड़े मामले में एक्सईएन निशाने पर रहीं। सभापति ने एक्सएईन को जो सड़कें ठीक करा दी हैं, उनकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के साथ ही सीवीओ डा. मनमोहन पांडेय को सड़कों पर छुट्टा घूमने वाले आवारा पशुओं को गोशाला पहुंचाने के निर्देश दिए। सभापति ने गोशाला में संरक्षित गोवंश की जानकारी भी ली। बैठक में बदायूं के पीडब्ल्यूडी समेत अन्य विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। ग्राम्य विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकांश कार्यों पर संतोष जाहिर किया। इस दौरान एसएसपी को निर्देश दिए प्राप्त सभी पत्रों का ससमय निस्तारण कर जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए।

- सांसदों-विधायकों के पत्रों का नहीं होगा मौखिक निस्तारण
- पत्र का लिखित में अनिवार्य रूप से जवाब देने के दिए निर्देश

### बुकलेट में खामियां मिलने पर जताई नाराजगी

बैठक के दौरान सभापति ने बुकेलेट का प्रस्तुतिकरण ठीक नहीं मिलने पर दोनों जिलों के अफसरों पर नाराजगी जाहिर की। कहा कि पिछली बार भी बैठक को लेकर जो बुकलेट तैयार की थी, उसमें अधूरी जानकारी दी, प्रस्तुतिकरण भी ठीक नहीं था। इस बार फिर वही स्थिति देखने को मिल रही है। बुकलेट में एक विभाग का नाम गायब होने और अपूर्ण जानकारी पर सुधार करने की हिदायत दी।

### भुगतान न करने वाली चीनी मिलों को करें नीलाम

सभापति ने गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त गन्ना ने बताया कि बदायूं की बिसौली स्थित चीनी मिल पर किसानों का पिछले साल का 26 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है, जबकि बरेली की बहेड़ी स्थित केसर शुगर मिल पर किसानों का पिछले सत्र का 146 करोड़ और नवाबगंज की ओसवाल मिल पर 58 करोड़ का बकाया है। बरेली की दोनों मिलों की आरसी जारी करने के साथ एफआईआर भी दर्ज है। इस पर सभापति ने जल्द से जल्द इन मिलों की नीलामी कर किसानों का भुगतान कराने के निर्देश दिए। बैठक में अनु सचिव विनोद कुमार यादव, समीक्षा अधिकारी सौरभ दीक्षित, प्रतिवेदक अर्चित वाजपेयी, अपर निजी सचिव विकास यादव, अधिकारियों में डीएम बरेली अविनाश सिंह, डीएम बदायूं ब्रजेश कुमार सिंह, एसएसपी बदायूं, सीडीओ बरेली/बदायूं आदि समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दीपावली का त्योहार, पानी को तरसेंगे 400 परिवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बदायूं रोड पर बिजली लाइन डालने के लिए की गई खुदाई से पानी की पाइप लाइन फटी
- घरों में पानी की सप्लाई हुई बंद जलापूर्ति अगले दो दिन शुरू होने की जताई गई संभावना

**अमृत विचार :** सुभाष नगर के बदायूं रोड पर बिजली लाइन डालने के लिए बेतरतीब ढंग से खोदाई का कार्य किया जा रहा है। खोदाई के चलते गुरुवार को पानी की पाइप लाइन फट गई, जिससे उस इलाके में कई घरों में पानी की सप्लाई बाधित होने से देर शाम तक भी पानी नही आया। जानकारी करने पर जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि दो दिन में आपूर्ति बहाल हो सकती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

दरअसल, बदायूं रोड पर भूमिगत केबिल डालने का कार्य बिजली विभाग की ओर से नामित कार्यदायी संस्था से किया जा रहा है। चौरासी घंटा मंदिर के पास गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे खोदाई कार्य के चलते



बदायूं रोड पर केबल डालने को जेसीबी से खुदाई के दौरान कटी पानी की पाइप लाइन।



पाइप लाइन फटने से भरा पानी।

पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे घरों में पानी की सप्लाई बाधित हो गई।

स्थानीय लोगों अनुसार करीब 400 परिवार इस इलाके में निवास कर रहे हैं। त्योहार को चंद दिन शेष हैं, वहीं अधिकारियों से संपर्क किया तो पता चला कि अभी दो दिन तक स्थिति जस की तस रहेगी। इससे लोग काफी परेशान हैं। इस संबंध में जल निगम के एक्सईएन संजय कुमार ने बताया कि जल निगम की ओर से कराए गए सभी कार्य नगर निगम को हैंडओवर हो चुके हैं, इसलिए नगर निगम को ही समस्या का त्वरित निस्तारण करना चाहिए।

## सिटी डायरी

### शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन, पदोन्नति की मांग



**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद बरेली के अध्यक्ष हरीशंकर के नेतृत्व में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी शिवेश कुमार गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन में बीएड डिग्री धारक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षक पद पर पदनोति की मांग की गई। जिलाध्यक्ष हरिशंकर ने कहा कि बीएड डिग्री धारक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शीघ्र शिक्षक बनाया जाए। जिला सचिव आफाक अहमद, जिला संयोजक जितेंद्र मिश्रा, संरक्षक शैलेष कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मांगों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष मुहम्मद फैसल ने कहा कि आऊट सोर्सिंग कर्मियों को जल्द वेतन मिलना चाहिए। तिलकराम, अरूण कुमार यादव, राजेन्द्र पाल, ललित सक्सेना, अमित सिंह, हरजीत सिंह, ताहिर, विजेंद्र, अरविंद यादव, राजीव सिंह मौजूद रहे।



### सपा नेताओं से मिले किरण पाल

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति किरण पाल कश्यप विकास भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद शाम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अम्बेडकर वाहिनी सुरेंद्र सोनकर और अजीत पटेल के निवास पर पहुंचे। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, पूर्व विधायक सुल्तान बेग, जिला उपाध्यक्ष मनोहर पटेल, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, राजेश अग्रवाल, जितेन्द्र मुंडे, संजीव कश्यप, खुर्रम बेग, रिजवान मौजूद रहे।



### मैथिल ब्राह्मण सभा ने दिया ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** मैथिल ब्राह्मण सभा के प्रांतीय महासचिव ओपी शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बरेली में हंसराज विश्वकर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बनारस और विधान परिषद सदस्य से मुलाकात की। उन्होंने ग्राम खेड़ादास में हुए फौजदारी मामले में न्याय दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा। मामले में मैथिल पक्ष की एफआईआर दर्ज करने की मांग की। सत्य पाल शर्मा, घनश्याम शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, महीपाल शर्मा, राम आसरे, अचल मैथिल, नरेंद्र मैथिल, अनूप मैथिल, सुधांशु मैथिल आदि मौजूद रहे।

# दो लंबित मानचित्रों को मिली स्वीकृति

- बीडीए की ओर से कार्यालय सभागार में मानचित्र समाधान दिवस का हुआ आयोजन
- अब प्रत्येक गुरुवार को इसका होगा आयोजन, लंबित मामले जल्द होंगे निस्तारित

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की ओर से कार्यालय सभागार में गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें दो लंबित मानचित्रों को स्वीकृति दी गई। अफसरों के अनुसार अब हर गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन होगा। जिसमें अवैध निर्माणों के शमन व ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम में लंबित मानचित्र आवेदनों को निस्तारित किया जाएगा।

बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि मानचित्र समाधान दिवस में आए आवेदकों एवं वास्तुविदों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। कैंप में कुल 5 आर्किटेक्ट एवं आवेदक उपस्थित हुए, जिनकी समस्याओं को सुना गया। इनमें से 2 पूर्व में जमा मानचित्र आवेदनों



मानचित्र समाधान दिवस में मौजूद अफसर। ● अमृत विचार

को कैम्प स्थल पर ही तत्काल स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं कुछ मानचित्र संबंधित विभागों से एनओसी प्राप्त न होने के कारण लंबित हैं। इस पर संबंधित अधिकारियों से ऐसे मामलों में शीघ्र कार्यवाही करते हुए विभागों को पत्र लिखकर एनओसी जारी करने के आदेश दिए गए हैं। बताया कि मानचित्र समाधान दिवस प्रत्येक गुरुवार को सुबह 10 से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होगा।

# एसआरएमए में विश्व एनेस्थीसिया दिवस मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस में ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों ने गुरुवार को विश्व एनेस्थीसिया दिवस मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रिंसिपल आईपीएस डॉ. जसप्रीत कौर, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ एसके लोहानी व ओटी विभाग के सदस्यों ने किया। डॉ. जसप्रीत कौर और डॉ. एसके लोहानी ने विश्व एनेस्थीसिया दिवस के बारे में बताया। ओटी फैकल्टी ने क्विज और पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। निर्णयक में डॉ. नबीला, इमरान व अतुल शामिल रहे। क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, विद्यार्थी और शिक्षक।

**सख्ती** रोडवेज को हर रोज होने वाले लाखों रुपये के राजस्व को बचाने के लिए दिवाली के बाद चलेगा अभियान

# रोडवेज की छाती पर सवारियां भरने वालों की खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बस स्टैंड के एक किमी दायरे में सवारी ढोने पर सीज होगा वाहन
- जबरन सवारियां बिठाने वाले चालक का लाइसेंस भी होगा निरस्त

**अमृत विचार :** सेटेलाइट बस स्टैंड के आसपास पिछले लंबे समय से चांदी काट रहे निजी वाहनों पर जल्द शिकंजा कसेगा। अवैध रूप से चल रहे इन वाहनों (बस, ईको, ई-रिक्शा, मैजिक) पर आरटीओ प्रवर्तन ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर दिवाली के बाद संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति बनाई है। अभियान के तहत कोई भी निजी वाहन बस स्टैंड के एक किमी के दायरे में सवारी ढोता मिला तो न केवल उसका वाहन सीज किया जाएगा, बल्कि चालक का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया जाएगा। यह कदम परिवहन मुख्यालय के निर्देश पर रोडवेज को हर रोज होने वाले लाखों रुपये के सरकारी राजस्व को बचाने और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव हो, इसके लिए उठाया



सेटेलाइट रोड पर अवैध टैक्सी स्टैंड। ● अमृत विचार

जाएगा।

वैसे तो शहरभर के सभी चौराहों और तिराहों पर अव्यवस्थाएं हावी हैं, पर सेटेलाइट बस स्टैंड पर डग्गामार वाहनों, ऑटो और ई-रिक्शा के जमावड़े से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे यहां पहुंचने वाली सवारियों समेत राहगीरों की खासी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। पास ही में सेटेलाइट पुलिस चौकी भी है। यहां ट्रैफिक कर्मी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। बावजूद निजी वाहन चालकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सेटेलाइट पर रोडवेज बसों के पहुंचते ही रोड पर ही सवारियों को बस से उतार कर अपने वाहनों में जबरन बैठा लेते हैं, जिससे यात्री दूसरी रोडवेज बस की बजाय निजी वाहनों से जाने को मजबूर हो जाते हैं। इससे कई बार झगड़े तक की नौबत आ जाती है। अवैध रूप से सवारियां ढोने वाले इन वाहनों से न केवल रोडवेज को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। इस समस्या को सुलझाने के लिए आरटीओ ने संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के दौरान वाहन मालिकों और चालकों को जागरूक भी किया जाएगा कि वे नियमों का पालन कर अवैध गतिविधियों में शामिल न हों।

### ठेले वालों पर भी चलेगा नगर निगम का डंडा

सेटेलाइट बस स्टैंड के आसपास बड़ी संख्या में फड़ और ठेले भी लगते हैं। यही नहीं यहां एक-एक व्यक्ति ने दो-दो ठेले लगवा रखे हैं। इसके बाद इन ठेलों के सामने लोगों के वाहन खड़े होते हैं। इस वजह से आधा रोड तो इनसे ही घिर जाता है। परिवहन निगम के अधिकारी यहां की स्थिति को लेकर एसपी ट्रैफिक से लेकर नगर निगम से कई बार पत्राचार करते हैं। लेकिन, एक दिन अभियान चलाने के बाद सब पुराने ढर्रे पर आ जाता है। हालांकि, अब दिवाली के बाद शुरू होने वाले अभियान के साथ ही नगर निगम भी अभियान चलाकर ठेले और फड़ वालों पर शिकंजा कसेगा।

> शासन का उद्देश्य रोडवेज बस स्टैंड के एक किमी के क्षेत्र को अवैध वाहनों की गतिविधियों से मुक्त रखना है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और सरकारी परिवहन सेवाओं को बढ़ावा मिल सके। लेकिन, सैटेलाइट बस स्टैंड के आसपास निजी व डग्गामार वाहन चालक नियमों का उल्लंघन कर रोडवेज की सवारी भरने का कार्य कर रहे थे। इससे राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए दिवाली के बाद से विशेष अभियान चलाया जाएगा।
>
> -प्रणब झा, आरटीओ प्रवर्तन


Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF
Creating life.... completing families.

अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-

दिन : प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक

उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में

विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....

स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900
पूर्ण एन.ए.बी.एच (NABH) से मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल

## शहर में आज

- श्री अग्रवाल समाज कल्याण समिति की ओर से महालक्ष्मी एवं गणेश पूजन शांति कुटीर धर्मशाला पुरानी घी मंडी आलमगिरीगंज में सुबह 10 :30 बजे से।
- सोबतीस पब्लिक स्कूल ग्रीन पार्क में आर्केस्ट्रा का आयोजन सुबह 9 :00 बजे से।
- वायु सेना स्टेशन की ओर से ग्राम चावड़ स्थित स्कूल में शिविर सुबह 9 :30 बजे से

### वॉकथॉन का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने एनबीआरआई-ईआईएसीपी के सहयोग से मिशन लाइफ जागरूकता कार्यक्रम एवं वॉकथॉन" का आयोजन किया। प्रो. एपी सिंह ने पर्यावरणीय जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रो. एपी सिंह, डॉ. जसपाल सिंह, डॉ. वर्तिका सिंह, डॉ. संध्या मिश्रा, मनीष चौधरी, एसोसिएट प्रो. अनामिका अग्रवाल, अंजलि, डॉ. गौरव भूषण, डॉ निष्ठा सेठ ,डॉ राजेश गंगवार, प्रो. प्रतिभा शर्मा, अजीत तिवारी मौजूद रहे।

# दिवाली उत्सव में उद्यमियों ने मचाया धमाल, हुईं प्रतियोगिताएं

## सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली क्लब के गार्डन से देर शाम से ही सतरंगी रोशनी की चमक चारों ओर बिखरी नजर आ रही थी, मौका था सेंट्रल यूपी चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के दिवाली उत्सव का। जिसमें उद्यमियों ने परिवार के साथ भाग लिया और जमकर धमाल मचाया। रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं।

चैंबर के अध्यक्ष राजीव सिंघल, सचिव अल्पित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से प्रेम व सौहार्द बढ़ता है। राजीव सिंघल ने सदस्यों से मानव सेवा के लिए रक्तदान करने की अपील की। अल्पित अग्रवाल व डॉ. अभिनव अग्रवाल ने जीएसटी की दरें कम होने पर सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके इस कदम से उद्योग एवं व्यापार में अप्रत्याशित तेजी आई है। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम रहे।

कार्यक्रम निर्देशक पुनीत सक्सेना व राहुल अग्रवाल रहे। अंत में सभी सदस्यों के परिवारों ने पटाखा शो में की गई धमाकेदार आतिशबाजी का भरपूर आनंद लिया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष किशोर कटरू, अजय शुक्ला, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. अतुल अग्रवाल, पीयूष कुमार अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सुनीत मूना, तजेंद्र सिंह, सीए नितिश टंडन, सीए मोहित टंडन, डॉ. रूचिन अग्रवाल, डॉ. सचिन अग्रवाल, शरद अग्रवाल, राजेश गुप्ता, अरुण वाधवानी, राज गोयल, रवि खंडेलवाल, डॉ. राजीव गोयल, राजीव जैन, राजेश कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, डॉ. शेखर सक्सेना, क्षितिज अग्रवाल, मुनीष मित्तल, पवन कुमार मित्तल, प्रशांत गोयल, राजीव बूबना, राहुल अग्रवाल, शैलभ अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, संदीप टंडन आदि मौजूद रहे।



दिवाली उत्सव में लाटरी विजेताओं को सम्मानित करते विधायक संजीव अग्रवाल, अध्यक्ष राजीव सिंघल और सचिव अल्पित अग्रवाल। ● अमृत विचार




दिवाली उत्सव में मौजूद डॉ. केशव कुमार अग्रवाल और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया

दिवाली उत्सव में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें चैंबर ऑफ कामर्स की लेडीज विंग की अहम भूमिका रही। विंग की चेयरपर्सन अमिता अग्रवाल ने कहा कि रोशनी का यह त्योहार सभी के जीवन में समृद्धि व खुशहाली लेकर आए।

# बैडमिंटन : माधव राव सिंधिया ओवरऑल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार :** इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन (आईएसए) की ओर से क्रीडा एवं सांस्कृतिक सप्ताह के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल बैडमिंटन मैत्री टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को हुआ। 34 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालक और बालिका वर्ग में माधव राव सिंधिया स्कूल ओवरऑल चैंपियन रहा। मुख्य अतिथि सेक्रेड हार्ट स्कूल की डायरेक्टर राधा रानी ने फाइनल मुकाबलों का शुभारंभ किया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

अंडर-14 बालक एकल वर्ग में माधव राव सिंधिया स्कूल के रुद्रराज ने जीआरएम डोहरा रोड के अकीम अली को 2-1 से हराया। बालक डबल्स वर्ग में जीके सिटी ने बिशप चाइल्ड केयर को 2-1 से पराजित किया। अंडर-17 बालिका एकल वर्ग में सेंट फ्रांसिस स्कूल ने विद्या वर्ल्ड स्कूल को 2-1 से मात दी। बालक डबल्स में जीआरएम डोहरा रोड ने माधव राव सिंधिया को 2-0 से हराया। अंडर-14 बालक वर्ग में ओवरऑल चैंपियन माधव राव सिंधिया स्कूल और उपविजेता जीआरएम डोहरा रोड रहा। अंडर-14 बालिका वर्ग में विनर माधव राव सिंधिया स्कूल और रनरअप जीआरएम नैनीताल रोड रहा। अंडर-17 बालक वर्ग में विजेता विद्या वर्ल्ड स्कूल और उपविजेता जीआरएम डोहरा रोड रहा। अंडर-17 बालिका वर्ग में विनर सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट और रनरअप विद्या वर्ल्ड स्कूल रहा। टूर्नामेंट में शिक्षक वर्ग की भी प्रतियोगिताएं हुईं। आईएसए के अध्यक्ष निर्भय बेनीवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला वाजपेयी, सौभाग्य चौधरी, डॉ. अंकित बग्गा, एचएस बिष्ट, रिंकू गोम्स, शिवांग श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।




ट्रॉफी के साथ विजेता टीम, साथ में अतिथि और शिक्षक। ● अमृत विचार

- सेक्रेड हार्ट स्कूल में इंटर स्कूल बैडमिंटन मैत्री टूर्नामेंट का समापन

### स्पोर्ट्स हॉस्टल की टीम बनी जिला फुटबॉल चैंपियन



**बरेली, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल जिला स्तरीय फुटबॉल जूनियर प्रतियोगिता का फाइनल बृहस्पतिवार को फुटबॉल हॉस्टल और अननोन एफसी के बीच हुआ। स्पोर्ट्स हॉस्टल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अननोन एफसी को 6-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स हॉस्टल ने गरुड़ा फुटबॉल क्लब को 7-0 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में अननोन एफसी ने यूथ फुटबॉल क्लब को 1-0 से मात दी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मो. यासीन, आशु भारती, विकास राय, अभिषेक गुप्ता, हर्षित वर्मा रहे। उप क्रीड़ाधिकारी अनीता नागर, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह, सचिव मून रौबिन्शन और अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक नसीम अख्तर उपस्थित रहे।

## बरेली के मुक्केबाज अरुण का मेरठ में दबदबा

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन मेरठ में 13 से 16 अक्टूबर तक हुआ। जिसमें बरेली के बॉक्सर अरुण शर्मा ने 60 से 63.5 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण, 48 से 51 किलोग्राम व 63.5 से 67 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त प्राप्त किया। बॉक्सिंग कोच धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एवं ओलंपियन बॉक्सिंग कोच सतीश यादव ने अरुण को बधाई दी है।

## तीन निशानेबाज नेशनल के लिए क्वालीफाई

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली शूटिंग अकादमी के निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह पक्की की है। भोपाल स्थित राज्य शूटिंग अकादमी में आयोजित 34वीं ऑल इंडिया जीवी मावलकर प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हरजपिश और उत्कर्ष गौरव ने राइफल पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।

# सीनियर बालक व बालिका वर्ग में जीता विद्या वर्ल्ड



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार :** विद्या वर्ल्ड स्कूल में आयोजित राजकुमार अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल वालीबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन गुरुवार को टीमों के बीच कांटे के मुकाबले दिखने को मिले। विद्या वर्ल्ड स्कूल की सीनियर बॉयज टीम ने एसआर इंटरनेशनल स्कूल की टीम पर 2-0 के सेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सीनियर गर्ल्स वर्ग में पुलिस मार्डन स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच मैच हुआ। इसमें भी विद्या वर्ल्ड स्कूल की टीम ने 2-0 के सेट से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया।

जूनियर बॉयज में पुलिस मार्डन स्कूल और रोहिला इंटरनेशनल स्कूल की टीम के बीच मुकाबला हुआ। इसमें रोहिला इंटरनेशनल स्कूल ने 2-0 के सेट से जीत हासिल की। जूनियर गर्ल्स वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल ने ब्लू बर्ड पब्लिक स्कूल को 2-0 से हराया। विद्यालय के डायरेक्टर रवि प्रकाश अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. योहान कुंवर, उप प्रधानाचार्या डॉ. संयोगिता चौधरी ने सभी टीमों को बधाई दी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा।

- वालीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा

## गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया

**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही कथा में गुरुवार को कथाव्यास भोलानंद महाराज ने गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया। बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र का अहंकार तोड़ा और सभी बृजवासियों की घनघोर वर्षा से रक्षा की।

कथा के समापन पर 56 भोग का प्रसाद ठाकुर जी को अर्पित किया गया। गिरिराज जी की परिक्रमा और आरती की गई। इसके बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुशील अरोरा, सचिव रवि छाबड़ा, धीरज सेठी, संजय आनन्द, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार आदि मौजूद रहे।




कथा सुनाते भोलानंद महाराज।

# पुलिस भर्ती : जिले में बनाए 15 केंद्र, 12,960 अभ्यर्थी होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूपी पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए, उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती का इंतजार खत्म हो गया है। भर्ती बोर्ड ने ऑफलाइन लिखित परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। परीक्षा 1 और 2 नवंबर को बरेली समेत प्रदेश के 10 जिलों में होनी है। बरेली जनपद में परीक्षा के लिए 15 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 12,960 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि बरेली समेत लखनऊ, कानपुर नगर, मुरादाबाद, गोरखपुर, झांसी, प्रयागराज, मेरठ और वाराणसी में भी परीक्षा आयोजित की जाएगी। बरेली जिले में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 1 नवंबर को 6,960 परीक्षार्थी और 2 नवंबर को 6,000 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। हर परीक्षा केंद्र पर एक प्रभारी निरीक्षक, पांच सब इंस्पेक्टर, महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की टीम तैनात की गई है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र वाले जिले की सूचना एक सप्ताह पहले जारी की जाएगी, जबकि प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से तीन दिन पहले डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे।

डीआईजी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर ट्रैफिक और भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी एसपी ट्रैफिक अकमल खान को सौंपी गई है। हर केंद्र की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर फौरन कार्रवाई के लिए कंट्रोल रूम से सीधी लिंकिंग की जाएगी। महिला अभ्यर्थियों के लिए महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों को निगरानी दायरे में रखा गया है। सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी और गश्ती दल की मदद से नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दिलाई जाएगी।

- 10 जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्र 1 व 2 नवंबर को होगी परीक्षा

### अभ्यर्थियों के लिए विशेष निर्देश

- एडमिट कार्ड और पहचान पत्र के बिना एंट्री नहीं मिलेगी।
- रिपोर्टिंग टाइम से 45 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य।
- परीक्षा केंद्र की वीडियोग्राफी होगी, संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा पेपर।
- अभ्यर्थी सिर्फ सादी पोशाक में आएं, जेब आदि की अतिरिक्त चेकिंग होगी।
- गेट बंद होने के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा

# राजकीय संकेत विद्यालय में दो दिवसीय मेला शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने गुरुवार को दो दिवसीय दिवाली मेले का आयोजन नॉवल्टी चौराहा स्थित राजकीय संकेत विद्यालय में किया। मेले में दिव्यांगजन विभाग से संचालित विद्यालय, संस्थाओं ने दिव्यांगजनों द्वारा तैयार की गई वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए।

मेले का उद्घाटन करते हुए उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संगीता सिंह ने स्टॉलों का निरीक्षण कर उत्पादों को देखा। मेले दीपक, रंग-बिरंगी मोमबत्तियां, कृत्रिम आभूषण, हथकरघा वस्त्र, घरेलू सजावटी सामान, मसाले जैसी खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई है। जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण विनय कुमार शर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. बलवंत सिंह, मुनेश बंसल आदि मौजूद रहे।



दिवाली मेले का उद्घाटन करतीं उपनिदेशक संगीता सिंह व अन्य अधिकारी।


## 7 दिवसीय नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर

### आयुर्वेदीय मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों के द्वारा

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर



**दिनांक 10 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक**



*वयस्कों, बच्चों , किशोरावस्था (Teenagers) के लिये*

**"सुदृढ़ मन, सशक्त बालक"**

क्या आपका बच्चा पढ़ाई में पीछे रह रहा है? क्या उसे ध्यान लगाने में कठिनाई होती है, बार-बार गलती करता है, बहुत चंचल रहता है या उसमें चिड़चिड़ापन, गुस्सा और क्रोध के दौरे बढ़ गए हैं?

ये सीखने की अक्षमता (Learning Disability), अतिसक्रियता विकार (ADHD) या शैक्षणिक पिछड़ापन (Scholastic Backwardness) के संकेत हो सकते हैं।

**शिविर की विशेषताएं**

- बच्चों की मानसिक एवं व्यवहारिक जाँच।
- ध्यान की कमी, सीखने की कठिनाइयों और ADHD की पहचान।
- चिड़चिड़ापन, गुस्सा और व्यवहार संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु परामर्श।
- अभिभावकों के लिए मार्गदर्शन एवं मनोवैज्ञानिक सहायता।
- एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाने के आयुर्वेदिक उपाय

**क्या आप भी इन समस्याओं से जूझ रहे हैं?**

- अत्यधिक तनाव (Stress) या चिंता (Anxiety)
- अवसाद (Depression)
- नींद न आना (Insomnia) या अत्यधिक नींद आना।
- चिड़चिड़ापन, गुस्सा या भावनात्मक असंतुलन।
- भय (Fear), अकेलापन, आत्मविश्वास की कमी।
- काम में रुचि न होना, थकान, मनोदैहिक (Psychosomatic) लक्षण।

पंजीकरण एवं जानकारी हेतु संपर्क करें - 9520876144, 8077808309

स्थान : रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल, डोहरा रोड, बरेली


# हस्त शिल्पियों के हुनर को पसंद का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उद्योग विभाग की ओर से आयोजित स्वदेशी मेले में नहीं पहुंच रहे लोग
- बोले कारीगर, एक सप्ताह के इंतजार के बाद भी बेरौनक रहा कारोबार

**अमृत विचार :** स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय उत्पादों के स्वदेशी मेले की चमक दिनों दिन फीकी होती जा रही है। उद्योग विभाग की ओर से अर्बन हाट में आयोजित इस मेले के आरंभ से पूर्व प्रचार-प्रसार युद्ध स्तर पर किया गया, लेकिन मेले में लगे हस्त शिल्पियों के स्टाल बेरौनक नजर आ रहे हैं। सुबह से लेकर दोपहर तक यहां सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है हालांकि शाम को हुनर का पसंद करने वाले लोगों के कदम इस ओर बढ़ रहे हैं।

स्वदेशी मेले में जूते चप्पल, जरी-जरदोजी, पेंटिंग, पर्स इम्ब्राईडरी, बनारसी साड़ी, डोरमैट, आसन पट्टी, कालीन, मिट्टी के बर्तन, ज्वैलरी, बांस-बेंत, केन फर्नीचर, होम डेकोरेट, जल कुम्भी, खिलौने, आदि विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए हैं। हस्तशिल्पियों के कारीगरी देखते ही बन रही है लेकिन लोगों का रूझान कम होने से कारीगरों का मनोबल भी अब जवाब देने लगा है।



स्वदेशी मेले में स्टॉलों पर बेहद कम दिखे ग्राहक। ● अमृत विचार

### सप्ताह में मात्र तीन हजार की बिक्री



शहर के पवन विहार निवासी राजीव ने भी यहां हैंडमेड मूर्तियां, पेंटिंग समेत अन्य उत्पाद का स्टॉल लगाया है। बताया कि शाम को लोगों की संख्या अधिक रहती है एक सप्ताह में महज तीन हजार रुपये की बिक्री हुई है।

### जरी की भी नहीं दिखी चाह



शहर निवासी मो. कफील ने भी जरी का स्टाल यहां लगाया है, जरी की नायाब कारीगरी से बने सूट, दुपट्टे, पौंहचू समेत अन्य परिधान उनके स्टाल पर मौजूद हैं, लेकिन लोग खरीद में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

### कम आ रहे ग्राहक



शहर के पुराना शहर निवासी जमीर बेग ने भी बांस के तैयार उत्पादों का बड़ा स्टाल लगाया है उनके बेटे रय्यान बेग ने बताया कि उम्मीद के अनुसार लोगों की भीड़ यहां नहीं देखने को मिली। अब तक महज चार से पांच हजार रुपये की ही बिक्री हुई है।